इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 20] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 17 मई 2013—वैशाख 27, शक 1935

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 मई 2013

क्र. एफ 1 (ए) 85-1999-ब-2-दो.—श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे पुलिस, महानिरीक्षक, शहडोल जोन शहडोल को दिनांक 27 मई 2013 से 7 जून 2013 तक, बारह दिवस का अर्जित अवकाश 25, 26 मई 2013 एवं 08, 09 जून 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री आर. के. गुप्ता, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, रीवा जोन रीवा द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, शहडोल, जोन शहडोल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, शहडोल जोन शहडोल का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए) 53-2003-ब-2-दो.—श्री आर. के. शिवहरे, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, रीवा रेंज रीवा को दिनांक 13 से 17 मई 2013 तक, पांच दिवस का अर्जित अवकाश, 11,12,18 एवं 19 मई 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

(2) श्री आर. के. शिवहरे, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री आकाश जिंदल, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, रीवा द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री आर. के. शिवहरे, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, रीवा रेंज रीवा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री आर. के. शिवहरे, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, रीवा रेंज रीवा का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री आर. के. शिवहरे, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. के. शिवहरे, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए) 154-1993-ब-2-दो.—श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता (जी) पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 13 से 17 मई 2013 तक, पांच दिवस, अर्जित अवकाश, दिनांक 11,12,18 एवं 19 मई 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए राज्य शासन द्वारा खण्ड वर्ष 2010-13 के द्वितीय ब्लाक वर्ष 2012-13 में सपरिवार गृह नगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की यात्रा की पात्रता के तहत जिम कार्बेट (उत्तराखंड) की अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

1.	श्री डी. श्रीनिवास राव	-	स्वयं
2.	श्रीमती डी. सुचरिता	-	पत्नी
3.	डी. सोहन	-	पुत्र
4.	डी. सिन्दुजा	-	पुत्री

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में इनका कार्य सुश्री सोनाली मिश्रा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अतिरिक्त रूप से अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता (जी) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे, द्वारा पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता (जी) पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए)97-2005-ब-2-दो.—श्री आर. एस. उईके, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, सागर रेंज सागर को दिनांक 1 से 10 मई 13 तक, दस दिवस का अर्जित अवकाश, दिनांक 11,12 मई 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री आर. एस. उईके, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री अभय सिंह, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, सागर द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री आर. एस. उईके, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, सागर रेंज सागर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री आर. एस. उईके, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, सागर रेंज सागर का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री आर. एस. उईके, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. एस. उईके, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 4 मई 2013

क्र. एफ 1(ए) 54-2000-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 11 जनवरी 2013 द्वारा श्री के. एस. राठौर, भापुसे, को दिनांक 14 से 28 जनवरी 2013 तक, कुल पन्द्रह दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 12, 13 जनवरी 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया गया था.

श्री के. एस. राठौर, भापुसे, द्वारा उपर्युक्तानुसार स्वीकृत अवकाश उपभोग न किये जाने के कारण राज्य शासन द्वारा दिनांक 14 से 28 जनवरी 13 तक, कुल पन्द्रह दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृति संबंधी उक्त आदेश निरस्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 6 मई 2013

क्र. 1(ए) 330-1985-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्री डी. एम. मित्रा, भापुसे, प्रमुख सलाहकार राज्य योजना आयोग, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सुरक्षा एवं समन्वय, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली को दिनांक 9 मार्च 2012 से 30 जून 2012 तक, कुल एक सौ चौदह दिवस का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश के एवज में इनके लघुकृत अवकाश खाते से दो सौ अट्ठाईस दिवस का अर्द्धवैतनिक अवकाश घटाया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. एम. मित्रा, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इन्द्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2013

क्र. एफ-10-13-04-बी-ग्यारह.—चूंकि, राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि वह प्रयोजन जिसके लिए **निकेत उद्योग लिमिटेड छिन्दवाड़ा** को राहत प्रदान की गई थी, अभी भी विद्यमान है और यह आवश्यक है कि उक्त उद्योग को सहायता उपक्रम के रूप में घोषणा के प्रवर्तन की कालावधि "एक वर्ष" के लिए बढ़ाई जाये.

(2) अतएव मध्यप्रदेश सहायता उपक्रम अधिनियम, 1978 (विशेष उपबंध) (क्रमांक 32 सन् 1978) की धारा 3 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा:—

(1) अधिसूचना क्रमांक एफ-10-13-04-बी-ग्यारह, दिनांक 16 फरवरी 2010 की प्रवर्तक कालावधि के दिनांक 1 अप्रैल 2009 से और एक वर्ष की कालावधि के लिये बढ़ाती है, और

उक्त प्रयोजन के लिये अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना के पैरा-2 में शब्द **एक वर्ष** के स्थान पर **दो वर्ष** प्रतिस्थापित किया जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. सोलंकी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2013

क्र. एफ-10-13-04-बी-ग्यारह.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-10-13-04-बी-ग्यारह, दिनांक 30 अप्रैल 2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. सोलंकी, उपसचिव.

Bhopal, the 30th April 2013

No.-F.10-13-04-B-XI.—WHEREAS, the State Government is satisfied that the purpose for which relief was given to NIKET UDYAG LTD. CHHINDWARA (MADHYA PRADESH), still continues and it is necessary to extend the period of operation of the declaration of the said industry to be a relief undertaking for a further period of one year.

NOW, THEREFORE, in exercise of the power conferred by the proviso to Section-3 of the Madhya Pradesh Sahayata Upkaram (Vishesh Upabandh) Sanshodan Act, 1978 (No. 32 of 1978), the State Government hereby:—

1. Extends the period of operation of the Notification No. F. 10-13-04-B-XI, dated 16th Fabruary 2010 for a further period of one year from 1st April 2009.

and

2. Make the following amendments in the said Notification for the said purpose:—

AMENDMENT

In the said notification in paragraph 2 for the words **"One year"** the words **"two years"** shall be substituted.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
M. S. SOLANKI, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2013

क्र. एफ-10-13-04-बी-ग्यारह.—चूंकि, राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि वह प्रयोजन जिसके लिए **निकेत उद्योग लिमिटेड छिन्दवाड़ा** को राहत प्रदान की गई थी, अभी भी विद्यमान है और यह आवश्यक है कि उक्त उद्योग को सहायता उपक्रम के रूप में घोषणा के प्रवर्तन की कालावधि "एक वर्ष" के लिए बढ़ाई जाये.

(2) अतएव, मध्यप्रदेश सहायता उपक्रम अधिनियम, 1978 (विशेष उपबंध) (क्रमांक 32 सन् 1978) की धारा 3 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा :—

(1) अधिसूचना क्रमांक ए-10-13-04-बी-ग्यारह, दिनांक 16 फरवरी 2010 की प्रवर्तक कालावधि के दिनांक 1 अप्रैल 2010 से और एक वर्ष की कालावधि के लिये बढ़ाती है, और

उक्त प्रयोजन के लिये अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना के पैरा-2 में शब्द **एक वर्ष के** स्थान पर **तीन वर्ष** प्रतिस्थापित किया जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. सोलंकी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2013

क्र. एफ-10-13-04-बी-ग्यारह.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-10-13-04-बी-ग्यारह, दिनांक 30 अप्रैल 2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. सोलंकी, उपसचिव.

Bhopal, the 30th April 2013

No.-F.10-13-04-B-XI.—WHEREAS, the State Government is satisfied that the purpose for which relief was given to NIKET UDYAG LTD. CHHINDWARA (MADHYA PRADESH), still continues and it is necessary to extend the period of operation of the declaration of the said industry to be a relief undertaking for a further period of one year.

NOW, THEREFORE, in exercise of the power conferred by the proviso to Section-3 of the Madhya Pradesh Sahayata Upkaram (Vishesh Upabandh) Sanshodan Act, 1978 (No. 32 of 1978), the State Government hereby:—

1. Extends the period of operation of the Notification No. F. 10-13-04-B-XI, dated 16th Fabruary 2010 for a further period of one year from 1st April 2010.

and

2. Make the following amendments in the said Notification for the said purpose:—

AMENDMENT

In the said notification in paragraph 2 for the words **"One year"** the words **"three years"** shall be substituted.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
M. S. SOLANKI, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2013

क्र. एफ-10-13-04-बी-ग्यारह.—चूंकि, राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि वह प्रयोजन जिसके लिए **निकेत उद्योग लिमिटेड छिन्दवाड़ा** को राहत प्रदान की गई थी, अभी भी विद्यमान है और यह आवश्यक है कि उक्त उद्योग को सहायता उपक्रम के रूप में घोषणा के प्रवर्तन की कालावधि "एक वर्ष" के लिए बढ़ाई जाये.

(2) अतएव, मध्यप्रदेश सहायता उपक्रम अधिनियम, 1978 (विशेष उपबंध) (क्रमांक 32 सन् 1978) की धारा 3 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा :—

(1) अधिसूचना क्रमांक एफ-10-13-04-बी-ग्यारह, दिनांक 16 फरवरी 2010 की प्रवर्तक कालावधि के दिनांक 1 अप्रैल 2011 से और एक वर्ष की कालावधि के लिये बढ़ाती है, और

उक्त प्रयोजन के लिये अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना के पैरा-2 में शब्द **एक वर्ष के** स्थान पर **चार वर्ष** प्रतिस्थापित किया जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. सोलंकी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2013

क्र. एफ-10-13-04-बी-ग्यारह.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-10-13-04-बी-ग्यारह, दिनांक 30 अप्रैल 2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. सोलंकी, उपसचिव.

Bhopal, the 30th April 2013

No.-F.10-13-04-B-XI.—WHEREAS, the State Government is satisfied that the purpose for which relief was given to NIKET UDYAG LTD. CHHINDWARA (MADHYA PRADESH), still continues and it is necessary to extend the period of operation of the declaration of the said industry to be a relief undertaking for a further period of one year.

NOW, THEREFORE, in exercise of the power conferred by the proviso to Section-3 of the Madhya Pradesh Sahayata Upkaram (Vishesh Upabandh) Sanshodan Act, 1978 (No. 32 of 1978), the State Government hereby:—

1. Extends the period of operation of the Notification No. F. 10-13-04-B-XI, dated 16th February 2010 for a further period of one year from 1st April 2011.

and

2. Make the following amendments in the said Notification for the said purpose:—

AMENDMENT

In the said notification in paragraph 2 for the words **"One year"** the words **"four years"** shall be substituted.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
M. S. SOLANKI, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2013

क्र. एफ-10-13-04-बी-ग्यारह.—चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि वह प्रयोजन जिसके लिए **निकेत उद्योग लिमिटेड छिन्दवाड़ा** को राहत प्रदान की गई थी, अभी भी विद्यमान है और यह आवश्यक है कि उक्त उद्योग को सहायता उपक्रम के रूप में घोषणा के प्रवर्तन की कालावधि "एक वर्ष" के लिए बढ़ाई जाये.

(2) अतएव, मध्यप्रदेश सहायता उपक्रम अधिनियम, 1978 (विशेष उपबंध) (क्रमांक 32 सन् 1978) की धारा 3 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा :—

(1) अधिसूचना क्रमांक एफ-10-13-04-बी-ग्यारह, दिनांक 16 फरवरी 2010 की प्रवर्तक कालावधि के दिनांक 1 अप्रैल 2012 से और एक वर्ष की कालावधि के लिये बढ़ाती है, और

उक्त प्रयोजन के लिये अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना के पैरा-2 में शब्द **एक वर्ष** के स्थान पर **पांच वर्ष** प्रतिस्थापित किया जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. सोलंकी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2013

क्र. एफ-10-13-04-बी-ग्यारह.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-10-13-04-बी-ग्यारह, दिनांक 30 अप्रैल 2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. सोलंकी, उपसचिव.

Bhopal, the 30th April 2013

No.-F.10-13-04-B-XI.—WHEREAS, the State Government is satisfied that the purpose for which relief was given to NIKET UDYAG LTD. CHHINDWARA (MADHYA PRADESH), still continues and it is necessary to extend the period of operation of the declaration of the said industry to be a relief undertaking for a further period of one year.

NOW, THEREFORE, in exercise of the power conferred by the proviso to Section-3 of the Madhya Pradesh Sahayata Upkaram (Vishesh Upabandh) Sanshodan Act, 1978 (No. 32 of 1978), the State Government hereby:—

1. Extends the period of operation of the Notification No. F. 10-13-04-B-XI, dated 16th Fabruary 2010 for a further period of one year from Ist April 2012.

and

2. Make the following amendments in the said Notification for the said purpose:—

AMENDMENT

In the said notification in paragraph 2 for the words **"One year"** the words **"Five years"** shall be substituted.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
M. S. SOLANKI, Dy. Secy.

खनिज साधन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 मई 2013

क्र. एफ 19-8-2013-बारह.—मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2006 के नियम 6 के उप नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्न स्थानों पर खनिज के परिवहन की जांच हेतु जांच चौकियां स्थापित करने निर्देशित करती है :—

क्रमांक	जिले का नाम	स्थान
(1)	(2)	(3)
1.	बड़वानी	आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 के 136.5 एवं 137.5 किलोमीटर के मध्य बालसमुद स्थान पर.
2.	झाबुआ	इन्दौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 59 के 169.8 एवं 170.8 किलोमीटर के मध्य पिथोल स्थान पर.

File No. F-19-8-2013-XII.—In exercise of the power conferred by sub-rule (1) of Rule 6 of Madhya Pradesh Mineral (Prevention of illegal mining, transportation and storage) Rule, 2006, the State Government hereby directs to establish check-post for checking of mineral transportation at following places :—

S. No.	Name of District	Place
(1)	(2)	(3)
1.	Badwani	At Balsamud, in between 136.5 and 137.5 Kilometer of Agra-Mumbai National Highway No. 3.
2.	Jhabua	At Pithol in between 169.8 and 170.08 Kilometer of Indore-Ahmedabad National Highway No. 59.

राजेन्द्र शर्मा, अपर सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 मई 2013

क्र. डी-15-6-2013-चौदह-3.—चूंकि, राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1960 (क्रमांक 19 सन् 1960) की धारा 3 की उपधारा (3) की शक्तियों का प्रयोग करते हुए कृषि विभाग की अधिसूचना क्रमांक-4602-1808-चौदह-1, भोपाल, दिनांक 9 अगस्त, 1963 द्वारा, तत्कालीन जिला सीहोर (अब जिला भोपाल) की तहसील हुजूर क्षेत्र के लिये नगर, भोपाल में कृषि उपज मण्डी की स्थापना की गई है.

चूंकि, राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1960 (क्रमांक 19 सन् 1960) की धारा 3 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उल्लेखित मंडी भोपाल के लिये, कृषि विभाग की अधिसूचना क्रमांक 4973-1808-चौदह-1, भोपाल, दिनांक 26 अगस्त, 1963 द्वारा निम्नांकित क्षेत्र को मुख्य मण्डी प्रांगण घोषित किया गया था:—

निम्नलिखित चतुर्सीमा क्षेत्र के अनुसार तत्कालीन जिला सीहोर (अब जिला भोपाल) की तहसील हुजूर के नगर, भोपाल में खसरा क्रमांक 1065 की 17.91 एकड़ भूमि:—

उत्तर में—खसरा क्रमांक 1065 का रिक्त भू-खण्ड, मन्दिर, दाल मिल और बोगदा पुलिया मार्ग.

दक्षिण में—आबादी और जिन्सी मार्ग.

पूर्व में—खसरा क्रमांक 902 का रिक्त भू-खण्ड, आबादी नगरपालिका बोर्ड और तेल मिल.

पश्चिम में—जिन्सी आबादी और रिक्त भू-खण्ड.

और, चूंकि, मण्डी भोपाल की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये राज्य सरकार, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973, की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, कृषि विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक डी-15-26/2006-चौदह-3, दिनांक 22 दिसम्बर, 2006 द्वारा कृषि उपज मंडी समिति भोपाल के अन्तर्गत मण्डी क्षेत्र के निम्नलिखित स्थान, उस पर बनी समस्त संरचना, अहाता, खुला स्थान या परिक्षेत्र को मण्डी प्रांगण घोषित किया गया है:—

स्थान

भोपाल जिले की हुजूर तहसील में ग्राम निशातपुरा के निम्नलिखित खसरा क्रमांकों की 15.89 एकड़ भूमि का क्षेत्र:—

क्रमांक	ग्राम का नाम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (एकड़ में)
(1)	(2)	(3)	(4)
1	निशातपुरा	109/1/1	3.80
		109/2, 114/1	5.37
		116/140/116	3.21
		110/1 से 110/11 तक	3.51
		योग.	15.89

जिसकी सीमाएं हैं

उत्तर में—विश्वकर्मा नगर,

दक्षिण में—रेल्वे लाईन.

पूर्व में—शिवशक्ति नगर,

पश्चिम में—बैरसिया रोड

मंडी समिति भोपाल द्वारा इस मण्डी प्रांगण में मूलभूत सुविधाओं का निर्माण कराया गया है तथा इस पर अधिसूचित कृषि उपज का क्रय-विक्रय किया जा रहा है.

अतएव, मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 70 की उपधारा (1) के खण्ड (चार) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1960 (क्रमांक 19 सन् 1960) की धारा 3 की उपधारा (4) के अन्तर्गत, कृषि विभाग की उल्लेखित अधिसूचना क्रमांक 4973-1808-चौदह-1, भोपाल, दिनांक 26 अगस्त, 1963 द्वारा नगर भोपाल में खसरा क्रमांक 1065 की 17.91 एकड़ भूमि का कृषि उपज मंडी समिति, भोपाल के अन्तर्गत प्रांगण के रूप में बन्द करने हेतु इस डी-नीटीफाई करने के अपने आशय को संज्ञापित करती है. उन समस्त व्यक्तियों की जिनके कि इससे प्रभावित होने की संभावना है. जानकारी के लिये एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त धारा 70 की उपधारा (2) के अनुसार सूचना का "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने की तारीख से छः सप्ताह की कालावधि का अवसान होने पर या उसके पश्चात् उक्त संबंध में विचार किया जाएगा.

किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर जो उक्त आशय के संबंध में किसी व्यक्ति से ऊपर उल्लेखित कालावधि का अवसान होने के पूर्व प्राप्त हो राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाएगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 6 मई 2013

क्र. डी-15-6-2013-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 6 मई 2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 6th May 2013

No.-D-15-6-2013-XIV-3.—WHEREAS, in exercise of powers conferred by sub-section (3) of Section 3 of the Madhya Pradesh Agricultural Produce Markets Act, 1960 (No. 19 of 1960), the Agricultural Produce Market has been established at City Bhopal for the area of Tehsil Huzur of the then District Sehore (Now District Bhopal), by the Stae Government by Notification No. 4602/1808/XIV-1, Bhopal, dated 9th August, 1963.

WHEREAS, in exercise of powers Conferred by sub-section (4) of Section 3 of the Agricultural Produce Market Act, 1960 (No. 19 of 1960), by Notification No. 4973/1808/XIV-1, Bhopal, dated 26th August, 1963 the following area was declared as Principal Market Yard

for mentioned Market of Bhopal by the State Government:—

AREA

Following area of 17.91 Acres land of Survey No. 1065 in city Bhopal of Tahsil Huzur of the then District Sehore (Now District Bhopal) bounded by:—

In North—Vacant land of Survey No. 1065, Temple, Dal Mill and Road Culvert Bogda.

In South—Abadi and Jinsi Road.

In East—Vacant plot of Survey No. 902, Abadi Municipal Board and Oil Mill.

In West—Abadi Jinsi and Vacant land.

AND, WHEREAS, to fulfil the requirement of Market Bhopal in exercise of powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of Section 5 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam 1973, (No. 24 of 1973) vide Notification No. D-15-26-2006.XIV-3, Bhopal, dated 22nd December, 2006 of Agriculture Department, Mantralaya, the following place including all structure, enclosure, open places or locality within the market area of Agricultural Produce Market Area Bhopal, has been declared as Market Yard :—

PLACE

An area of 15.89 Acres of land of following Survey No. at Nishatpura in Bhopal Tehsil of Bhopal District:—

No.	Name of Gram	Survey No.	Area (In acre)
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Nishatpura	109/1/1	3.80
		109/2, 114/1	5.37
		116/140/116	3.21
		110/1 to 110/11	3.57
		Total . .	15.89

BOUNDARY BY

On the North—Vishwakarma Nagar.

On the Sourth—Railway Line.

On the East—Shivshakti Nagar.

On the West—Bairasiya Road.

The Market Committee, Bhopal has got the basic facility constructructed on this Market Yard and Sale-purchase of notified Agricultural Produce is being conducted on it.

THEREFORE, in exercise of powers conferred by clause (iv) of sub-section (1) of Section 70 of the Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby specifies its intention to De-Notify to close the Market Yard under the Agricultural Produce Market Committee, Bhopal declared vide Agriculture Department Notification No. 4973/1808/XIV-1, Bhopal, dated 26th August, 1963, for information of the persons likely to be effected by it the informations is hereby given that on expiry of period of Six weeks after its Publication in "Madhya Pradesh Gazette" according to sub-section (2) of Section 70 the same will be taken into consideration.

Any objection or suggestion received from my person before the expiry of mentioned period will be considered by the State Government.

By order and in the name of the Governor of the Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

लोक निर्माण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 2 मई 2013

क्र. एफ. 3-6-2012-सामा.-उन्नीस.—मध्यप्रदेश राज्य को लागू हुए, रूप में भारतीय पथकर अधिनियम, 1851 (1851 का सं. 8) की धारा 4 के साथ पठित धारा-2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा ओ.एम.टी. (OMT) स्कीम पर विकसित की जा रही नीचे दर्शायी सड़कों पर, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड, द्वारा मार्ग अथवा उसके भाग (अनुरूप भाग) हेतु जारी किये गये समापन प्रमाण-पत्र की तारीख से मार्ग अथवा उसके भाग (अनुरूप भाग) पर प्रति फेरा प्रतियान आधार (पर ट्रिप पर वेहिकल बेसिस) पर निम्नलिखित मूलदरों पर पथकर उद्गृहीत करने के लिए मंजूरी प्रदान करती है:—

अनु क्र.	विवरण	पथकर की मूल दरें दिनांक 1-9-2007 से प्रभावी (रुपये प्रति किलोमीटर तथा प्रति फेरा)
(1)	(2)	(3)
1.	हल्के व्यवसायिक भार-वाहक वाहन	0.85
2.	खाली तथा भरा हुआ ट्रक	2.11
3.	मल्टी एक्सल ट्रक	4.21

2. पथकर, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड, द्वारा चयनित प्राइवेट विकासकर्ता या उनके अभिकर्ता द्वारा संगृहित किया जाएगा. प्रत्येक पथकर प्लाजा पर पथकर की दरें, उपरोक्त दरों के आधार पर, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, लिमिटेड द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी. पथकर प्लाजा तथा अनुरूप भाग की भौगोलिक स्थिति मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा जारी टेण्डर के अनुसार होगी.

3. उपरोक्त दरें प्रत्येक पथकर प्लाजा पर प्रत्येक वर्ष थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर बढ़ायी जाएगी तथा निकटतम 5 रुपये तक पूर्णांकित की जाएगी. प्रतिवर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष की दरों की थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर प्रत्येक वर्ष 1 सितम्बर से प्रभावी किया जायेगा. पथकर की मूल दर दिनांक 1-9-2007 को अधिसूचित मूल दर के अनुसार होगी. प्रतिवर्ष पथकर वृद्धि गणना निम्नानुसार सूत्र (उदाहरण) अनुसार की जायेगी:—

मूल थोक मूल्य सूचकांक

(दिनांक 31 मार्च, 07 को समाप्त वर्ष के लिए) थोक मूल्य सूचकांक (क) दिनांक 31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिये थोक मूल्य सूचकांक-थोक मूल्य सूचकांक (ख).

गणना सूत्र

$$\text{नवीन पथकर दर} = \text{मूल पथकर दर} \times \frac{\text{थोक मूल्य सूचकांक (ख)}}{\text{थोक मूल्य सूचकांक (क)}}$$

(दिनांक 01-09-2008 से)

आगामी वर्षों हेतु भी गणना उपरोक्तानुसार नये वर्ष हेतु थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर ही की जायेगी. मूल थोक मूल्य सूचकांक 31 मार्च 2007 को समाप्ति वर्ष का ही लिया जायेगा.

4. किसी मार्ग या उसके भाग (अनुरूप भाग) पर पथकर का उद्ग्रहण और संग्रहण (अनुरूप भाग) रियायत अनुबंध के उपबंधों के अनुसार कन्सेशनायर द्वारा करारनामा पर हस्ताक्षर करने के दिनांक से 45 दिन बाद प्रारंभ होगा.

5. समनुदानग्राही व्यक्ति परियोजना राजमार्ग के प्रवेश स्थल पर और प्रत्येक पथकर-प्लाजा के दोनों और परियोजना राजमार्ग के दोनों तरफ से आने वाले उपयोगकर्ता की जानकारी के लिये लागू पथकर हिन्दी और अंग्रेजी में संप्रदर्शित करेगा.

6. **अप्राधिकृत संग्रहण :** (1) यदि समनुदानग्राही व्यक्ति किसी व्यक्ति से धन की ऐसी राशि संग्रहित करता है जो इसके अधीन शोध्य और देय नहीं है तो समनुदानग्राही व्यक्ति संग्रहण की तारीख से वापसी की तारीख तक प्रत्येक दिन के लिए, इस प्रकार संग्रहीत रकम के 3 प्रतिशत की दर से संग्रहीत राशि के साथ इस प्रकार संग्रहीत रकम तुरंत ही नुकसानी के रूप में ऐसे व्यक्ति को वापस करने का दायी होगा. यथा पूर्वोक्त रीति से संगणित नुकसान के साथ ऐसी रकम के किसी भी कारण से ऐसे व्यक्ति को संदत्त न होने की दशा में उसे ऐसे संग्रहण की तारीख से 15 (पन्द्रह) दिनों की अवधि के भीतर, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम में निक्षिप्त किया जायेगा.

(2) उप खण्ड (1) के अधीन समनुदानग्राही (कन्सेशनर) द्वारा देय रकम से संबंधित कोई विवाद परियोजना राजमार्ग पर अधिकारिता रखने वाले संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा लिखित में आदेश द्वारा निपटाया जाएगा और ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील, यदि कोई हो, परियोजना राजमार्ग पर अधिकारिता रखने वाले मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के मुख्य अभियंता को होगी.

(3) पथकर के संग्रहण के संबंध में व्यथित कोई भी व्यक्ति परियोजना राजमार्ग पर अधिकारिता रखने वाले, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संभागीय प्रबंधक को अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा. संभागीय प्रबंधक, 15 (पन्द्रह) दिनों की कालावधि के भीतर ऐसी शिकायत पर आदेश पारित करेगा और ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील, यदि कोई हो परियोजना राजमार्ग पर अधिकारिता रखने वाले मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के मुख्य अभियंता को होगी.

7. यह अधिसूचना मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा जारी की गई निविदा के अनुसार संपूर्ण रियायत कालावधि के लिए प्रभावी होगी.

8. राज्य सरकार यह भी घोषित करती है कि वाहनों की निम्नलिखित श्रेणियां इन सड़कों को पार करते समय पथकर के भुगतान से छूट प्राप्त रहेगी:—

(1) भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश सरकार के समस्त यान सरकारी कर्तव्य (ड्यूटी) पर हों.
(2) संसद तथा विधानसभा के माननीय सदस्यों के यान.
(3) समस्त यान जो भारतीय सेना के ड्यूटी पर हों.
(4) एम्बुलेंस.
(5) फायर ब्रिग्रेड.
(6) भारतीय डाक तथा तार विभाग के यान.
(7) कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की जाने वाली ट्रेक्टर-ट्राली.
(8) आटो रिक्शा, दुपहिया तथा बैलगाड़ियां.
(9) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार.
(10) इसके अतिरिक्त यात्री वाहन जैसे बस, कार, जीप इत्यादि टोल से छूट प्राप्त वाहनों की श्रेणी में आएंगे.

टिप्पणी :—पथकर के भुगतान से इस प्रकार छूट प्राप्त वाहनों का चालक (ड्रायवर) अपना नाम, रैंक तथा कर्तव्य (ड्यूटी) जिसमें वह लगा हुआ है, कथित करेगा.

11. ओ.एम.टी.(OMT) आधार पर विकास के लिए चयन की गई सड़कें जिन पर कि यह अधिसूचना लागू होगी निम्नानुसार है:—

अनुक्रमांक	मार्ग का नाम
1.	भोपाल-विदिशा
2.	बदनावर-थांदला
3.	बड़वाह-धामनोद
4.	बेला-गोविन्दगढ़-चुरहट

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजीव शर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 2 मई 2013

क्र. एफ-3-6-2012-सामा.-उन्नीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अन्तर्गत इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 23-12-2006-सा. उन्नीस, दिनांक 13 अक्टूबर 2008 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजीव शर्मा, उपसचिव.

Bhopal, the 2nd May 2013

No.-F-3-6-2012-Gen.-XIX.—In exercise of the powers, conferred by Section-2 read with Section-4 of the Indian Tolls Act, 1851 (No. VIII of 1851) in its application to the State of Madhya Pradesh, the State Government is pleased to grant sanction for levying toll on the following Basic Rates on the road shown as below, being developed on OMT scheme, on a per trip per vehicle basis for road or part thereof (Homogencous Section) with effect from the date of commercial Operation Date (COD) certificate for the road or part thereof (Homogeneous Section) issued by Madhya Pradesh Road Development Corporation Ltd:—

S. No.	Description	Basic Toll Rate effective from 01-09-2007 (Rs. per Km. & per trip)
(1)	(2)	(3)
1.	Light Commercial Vehicle.	0.85
2.	Truck	2.11
3.	Multi Axle Truck	4.21

2. The toll will be collected by private developer or their agent, selected by Madhya Pradesh Road Development Corporation Limited. The rates of toll on each toll plaza will be specified by Madhya Pradesh Road Development Corporation Ltd., on the basis of above Rates. The physical location of Toll Plaza and of Homogeneous Section will be as per the tender issued by MP Road Development Corporation limited.

3. The above rates will increase on every Toll Plaza every year on the basis of Wholesale Price Index and will be rounded off to the nearest five rupees. The increase will be made effective from-1st September every year, based on the Wholesale Price Index for the year ending 31st March. The Basic Toll Rates will be as per the rates notified to be effective as on 01-09-2007. The calculation of toll increase every year will be done as per the formula (example) given below:—

Basic Wholesale Price Index (For the year ending 31st March, 2007)	WPI (A)
Wholesale Price Index for the year Ended 31st March, 2008.	WPI (B)
Formula for Calculation: New Toll Rate (w.e.f. 01-09-2008)=**Basic Toll Rate X**	**WPI (B) / WPI (A)**

For the coming years, the calculations will be done as per the above based on new Wholesale Price Index for new years, Basic Wholesale Price Index will be of the years ending 31st March, 2007.

4. Levy and collection of toll on the road or part thereof (Homogeneous Section) shall commence after 45 days from the date of Concessionaire signing the Agreement in accordance with the provisions of the Concession Agreement.

5. The Concessionaire shall, near the entry point of the Projcct Highway and near the each Toll Plaza on both sides, prominently display the applicable toll charges for information of users approaching from either saide of the Project Highway in both Hindi & English.

6. **Unauthorized Collection.**—(1) In the event that a Concessionaire collects from any person a sum of money not due and payable hereunder, the Concessionaire shall be liable to refund to such person forthwith the amount so collected along with a sum computed @ 3% (three percent) of the amount so collected, for each day from the date of collection till the date of refund, by way of damages. In the event that such amount together with damages computed in the manner as aforesaid is not paid to such person for any reason whatsoever, the same shall be deposited with MPRDC within a period of I5 (fifteen) days from the date of such collection.

(2) Any dispute ralating to amounts payable by the Concessionaire under sub-clause 6.1 Shall be settled by the Divisional Manager, MPRDC having Jurisdiction over the Project Highway, by an order in writing and appeal, if any, against such order shall lie with the Chief Engineer, MPRDC having jurisdiction over the Project Highway.

(3) Any person aggrieved in connection with the collection of toll may lodge a complaint to the Divisional Manager, MPRDC having jurisdiction over the Project Highway. The Divisional Manager shall pass order on such complaint within a period of 15 (fifteen) days and appeal, if any, against such order shall lie with the Chief Engineer, MPRDC having jurisdiction over the Project Highway.

7. This notification will be effective for the entire concession period as per the tender issued by MP Road Development Corporation.

8. The State Government further declares that following categories of vehicle will be exempted from payment of toll while crossing these roads :—

(1) All vehicles belonging to the Government of India, Government of Madhya Pradesh and those on Government duty.

(2) Vehicle belonging to the Hon'ble Member of Parliament and Member of Legislative Assembly.

(3) All vehicles belonging to the Indian Army on duty.

(4) Ambulances.

(5) Fire Brigades.

(6) Vehicles belonging to the Indian Posts and Telegraph Department.

(7) Tractor-Trolleys used for agriculture purpose.

(8) Auto Rickshaws, Two wheeler and bullock carts.

(9) Freedom fighters and Accredited Journalists.

(10) In addition to the above, passenger vehicle like Bus, Car/Jeep etc, will be coming under the category of exempted vehicle for payment of toll.

Note: The driver of the vehicle/Van so exempted from payment of toll shall state his name, rank and name of duty on which he is engaged.

11. The roads selected for development on Operation, Maintenance & Transfer (OMT) basis, on which this notification shall apply are as given below:—

S. No.	Name of Road
(1)	(2)
1	Bhopal-Vidisha
2	Badwah-Dhamnod
3	Badnawar-Thandla
4	Bela-Govindgarh-Churhat.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAJEEV SHARMA, Dy. Secy.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 3 मई 2013

फा. क्र. 3 (ए) 15-2005-इक्कीस-ब (एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी, श्री हरि शरण यादव, अतिरिक्त सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, भोपाल की सेवाएं प्रतिनियुक्ति से वापस कर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय को सौंपता है.

भोपाल, दिनांक 4 मई 2013

फा. क्र. 4-1-2002-इक्कीस-ब (एक).—उच्च न्यायिक सेवा के सेवानिवृत्त सदस्य श्री मुकेश सिंह, प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल के द्वारा त्याग-पत्र दिये जाने के कारण राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा दिनांक 03 मई 2013 को मान्य करते हुए उनका त्याग-पत्र दिनांक 03 मई 2013 के अपरान्ह से स्वीकृत करता है.

फा. क्र. 4-ए-2002-इक्कीस-ब (एक).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 14-08-2002 के अनुक्रम में उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा-4 के अधीन इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 04 मार्च 2002 द्वारा गठित कुटुम्ब न्यायालय में मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 (3) के अंतर्गत उच्च न्यायिक सेवा के श्री रमाकांत दुबे, अतिरिक्त न्यायाधीश, जिला एवं सत्र न्यायालय, भोपाल को श्री जे. पी. माहेश्वरी के स्थान पर आगामी आदेश होने अथवा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने (जो भी पहले हो) प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल के पद पर नियुक्त करता है.

उच्च न्यायिक अधिकारियों को देय वेतन तथा भत्ते का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 (3) के अंतर्गत होगा.

भोपाल, दिनांक 6 मई 2013

फा. क्र. 1963-2013-इक्कीस-ब (एक).—**राज्य शासन**, श्री राकेश कुमार (गुप्ता), अपर सत्र न्यायाधीश, **विशेष न्यायालय** क्रमांक-4, विद्युत अधिनियम, 2003 ग्वालियर की सेवाएं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु, कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, आगामी आदेश तक एतद्द्वारा उच्च न्यायालय, जबलपुर को सौंपता है.

फा. क्र. 1962-2013-इक्कीस-ब (एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी श्री भूपेन्द्र कुमार निगम, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, पन्ना की सेवाएं रजिस्ट्रार (Vigilance Litigaition) उच्च न्यायालय, म. प्र. जबलपुर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु, उनके द्वारा उक्त पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, आगामी आदेश होने तक, एतद्द्वारा, उच्च न्यायालय, जबलपुर को सौंपता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश 462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 6 मई 2013

क्र. एफ. 67-12-10-तीन-414.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड** के आम निर्वाचन में **सुश्री सपना जाटव** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **इस नगर पालिका के निर्वाचन का** परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, **सुश्री सपना जाटव** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **जिला भिण्ड** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु उप जिला निर्वाचन अधिकारी, **भिण्ड** के पत्र दिनांक 11 जून, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री सपना जाटव** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री सपना जाटव** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 28 जुलाई 2012 को जारी किया गया. कारण बताओ सूचना-पत्र में सुश्री सपना जाटव से सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर उत्तर (लिखित अभ्यावेदन) चाहा गया था. सूचना-पत्र में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **सुश्री सपना जाटव** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 25 अगस्त 2012 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 09 सिम्तबर 2012 तक अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला भिण्ड से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 22 नवम्बर 2012 अनुसार "अभ्यर्थी सुश्री सपना जाटव को सूचना-पत्र की तामीली उपरान्त दिनांक से आज दिनांक तक तहसीलदार गोहद एवं इस कार्यालय में अभ्यर्थी व उसकी ओर से अपना निर्वाचन व्यय लेखा अथवा विलम्ब से लेखा प्रस्तुति करने के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है."

आयोग द्वारा विचारोपरान्त दिनांक 12 मार्च 2013 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी सुश्री सपना जाटव आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई. अभ्यर्थी

द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया जबकि व्यक्तिगत सुनवाई के सूचना-पत्र की तामीली उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला भिण्ड के माध्यम से सुश्री सपना जाटव को विहित समयावधि में दिनांक 20 फरवरी 2013 को कराई गई. अत: उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि सुश्री सपना जाटव द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री सपना जाटव** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी
मध्यप्रदेश, भोपाल
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

भोपाल, दिनांक 7 मई 2013

क्र. 3223-459-अका-विपप्र-2013.—राज्य शासन द्वारा गृह (पुलिस) विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 10 जनवरी 2013 को प्रश्नपत्र-न्यायिक शाखा (बिना पुस्तकों के) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनुक्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	सागर संभाग	
01	कु. लवली सोनी	उप पुलिस अधीक्षक
	जबलपुर संभाग	
02	श्री अरविन्द सिंह ठाकुर	उप पुलिस अधीक्षक

भोपाल, दिनांक 8 मई 2013

क्र. 3254-अका-विपप्र-2013-**संशोधन**.—राज्य शासन द्वारा विभागीय परीक्षा माह जनवरी 2013 को प्रश्नपत्र-द्वितीय दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया (दाण्डिक मामलों में आदेश/निर्णय का लिखा जाना) सम्पन्न हुआ था, की अधिसूचना क्रमांक 2589-468-अका-विपप्र-2013, दिनांक 10 अप्रैल 2013 को जारी की गई थी, में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:—

क्रमांक	नाम अधिकारी	संशोधन
(1)	(2)	(3)
	उज्जैन संभाग	
01	श्री मुकेश बामनिया राजस्व निरीक्षक.	श्री मुकेश बामनिया नायब तहसीलदार.
	रीवा संभाग	
02	कु. रैना तामिया राजस्व निरीक्षक.	कु. रैना तामिया नायब तहसीलदार.
03	श्री वीरेन्द्र कुमार पटेल राजस्व निरीक्षक.	श्री वीरेन्द्र कुमार पटेल नायब तहसीलदार.
	सागर संभाग	
04	श्री आलोक जैन राजस्व निरीक्षक.	श्री आलोक जैन नायब तहसीलदार.

क्र. 3254-अका-विपप्र-2012-**संशोधन**.—राज्य शासन द्वारा विभागीय परीक्षा माह जनवरी, 2013 से संबंधित अधिसूचना क्रमांक 2630-446-अका-विपप्र-2013, दिनांक 12 अप्रैल 2013 को प्रश्नपत्र-तृतीय प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (राजस्व के मामले में आदेश का लिखा जाना) सम्पन्न हुआ था, में उच्चतर से उत्तीर्ण, इंदौर संभाग से सम्मिलित परीक्षार्थी कु. वंदना चौहान, राजस्व निरीक्षक अंकित है के स्थान पर अब कु. वंदना चौहान, नायब तहसीलदार पढ़ा जाए.

2. अधिसूचना क्रमांक 2573-487-अका-विपप्र-2013, दिनांक 10 अप्रैल 2013 द्वारा जारी प्रश्नपत्र-लेखा प्रथम एवं लेखा द्वितीय (पुस्तकों सहित) सम्पन्न हुआ था में रीवा संभाग से सम्मिलित उच्चस्तर से उत्तीर्ण परीक्षार्थी श्री नागेन्द्र प्रसाद पनिका, नायब तहसीलदार अंकित है के स्थान पर अब श्री नागेश्वर प्रसाद पनिका, नायब तहसीलदार पढ़ा जाए.

3. अधिसूचना क्रमांक 2573-487-अका-विपप्र-2013, दिनांक 10 अप्रैल 2013 द्वारा सम्पन्न प्रश्नपत्र-लेखा प्रथम एवं लेखा द्वितीय (पुस्तकों सहित), में उज्जैन संभाग से सम्मिलित परीक्षार्थी श्री राजीव कुमार समाधिया, नायब तहसीलदार अंकित है को अब उज्जैन संभाग के स्थान पर ग्वालियर संभाग से सम्मिलित होना पढ़ा जाय.

4. अधिसूचना क्रमांक 2685-453-अका-विपप्र-2013, दिनांक 16 अप्रैल 2013 द्वारा सम्पन्न प्रश्नपत्र-सिविल विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित-केवल अधिनियम) में भोपाल संभाग से सम्मिलित परीक्षार्थी श्री सानत राव देशमुख, राजस्व निरीक्षक अंकित है, के स्थान पर अब श्री सानत राव देशमुख, नायब तहसीलदार पढ़ा जाए.

क्र. 3256-471-अका-विपप्र-2013.—राज्य शासन द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 09 जनवरी 2013 को प्रश्नपत्र-पुस्तपालन तथा कर निर्धारण (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनुक्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

उच्चस्तर

भोपाल संभाग

01	श्री विक्रम सिंह राठौर	वाणिज्यिक कर अधिकारी (सश्रेय)
02	श्री अतुल कुमार त्रिपाठी	वाणिज्यिक कर अधिकारी (सश्रेय)
03	डॉ. ऋचा नौगरईया	वाणिज्यिक कर अधिकारी (सश्रेय)
04	श्री राजीव परिहार	वाणिज्यिक कर अधिकारी
05	श्री हरीश जैन	वाणिज्यिक कर अधिकारी (सश्रेय)
06	श्री रजनीश पटेल	वाणिज्यिक कर अधिकारी (सश्रेय)
07	श्री उमेश कुमार त्रिपाठी	वाणिज्यिक कर अधिकारी (सश्रेय)
08	श्री धर्मेन्द्र सोनकर	वाणिज्यिक कर अधिकारी
09	श्री धीरज कुमार वानखेड़े	वाणिज्यिक कर अधिकारी
10	श्रीमती शिवानी महलवाला	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
11	श्री अनिल कुमार नामदेव	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
12	श्री कैलाश कुमार ठाकरे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
13	श्री तरूण भार्गव	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
14	श्री मनोज एस. लालवानी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
15	श्री प्रमोद कुमार शर्मा	कराधान सहायक
16	श्री राजेश मालवीय	कराधान सहायक
17	कु. रेखा बड़ोदे	कराधान सहायक
18	श्रीमती रीटा शर्मा	कराधान सहायक
19	कु. मौसमी नेमा	कराधान सहायक

ग्वालियर संभाग

20	श्री पवन कुमार दोहरे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
21	श्री प्रमोद कुमार शर्मा	कराधान सहायक
22	सुश्री ललिता गर्ग	कराधान सहायक

सागर संभाग

23	श्री मोहित कुमार जैन	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
24	श्री सत्यम चौबे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक

इंदौर संभाग

25	श्री गुरमीत सिंह वाधवा	वाणिज्यिक कर अधिकारी
26	श्री उत्तम कुमार गुप्ता	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
27	श्री गिर्राज सिंह तोमर	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
28	श्री आशुतोष उपाध्याय	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
29	श्री नरेन्द्र कुमार गोस्वामी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
30	श्री सचिन कुमार श्रीवास्तव	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
31	श्री सचिन कुमार भिलवारे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
32	श्री प्रेम राठौर	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
33	श्री चन्द्रेश कुमार गौड़	कराधान सहायक
34	श्री दिलीप विजयवर्गीय	कराधान सहायक
35	श्री बृज किशोर सिंह	कराधान सहायक
36	श्री लव कुमार ठाकुर	कराधान सहायक
37	श्री सुरेश डमोर	कराधान सहायक
38	श्री सुनील बांगर	वाणिज्यिक कर अधिकारी
39	श्रीमती तृप्ति शाह	कराधान सहायक
40	श्री मनोहर सोलंकी	कराधान सहायक

जबलपुर संभाग

41	श्री मनीष महारणवर	वाणिज्यिक कर अधिकारी
42	डॉ. संजय सिंह	वाणिज्यिक कर अधिकारी (सश्रेय)
43	श्री प्रकाश ठाकुर	वाणिज्यिक कर अधिकारी (सश्रेय)
44	श्री संदीप चड़ार	कराधान सहायक
45	श्री आकाश उईके	कराधान सहायक
46	श्री बेनी प्रसाद पटेल	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
47	श्री प्रसून कुमार मिश्र	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
48	कु. प्रतिभा नर्वेती	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
49	श्री करूणा निधि शुक्ला	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
50	श्री जयसिंह सिकरवार	वाणिज्यिक कर निरीक्षक

51	श्री सचिन कुमार उद्दे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
52	श्रीमती रीना खम्परिया	वाणिज्यिक कर निरीक्षक (सश्रेय)
53	सुश्री श्वेता नेमा	वाणिज्यिक कर निरीक्षक (सश्रेय)
54	श्री कुवंर विश्वनाथ सिंह ठाकुर.	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
55	श्री बृज किशोर सिंह	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
56	श्री सुरेन्द्र सिंह गौतम	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
57	श्री ज्ञानचन्द गुप्ता	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
58	श्री शशिभूषण तिवारी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
59	श्री कमलेश चॉवले	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
60	श्रीमती योगिता कार्तिक	वाणिज्यिक कर निरीक्षक (सश्रेय)
61	श्री विवेक श्रीवास्तव	वाणिज्यिक कर निरीक्षक (सश्रेय)
62	श्री सुदीप चतुर्वेदी	कराधान सहायक
63	कु. नीतू गुप्ता	कराधान सहायक
64	श्री शिव कुमार गुप्ता	कराधान सहायक

निम्नस्तर

भोपाल संभाग

01	श्री प्रफुल्ल कुमार इंगले	कराधान सहायक
02	श्रीमती रितु ठाकुर	कराधान सहायक

ग्वालियर संभाग

03	श्री महेश चन्देरिया	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
04	श्रीमती जय कुमार गुप्ता	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
05	श्री रामपाल त्रिपाठी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
06	श्री प्रदीप सिंह भदौरिया	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
07	कु. दीपमाला सैनी	कराधान सहायक
08	श्री रवि शाक्य	वाणिज्यिक कर निरीक्षक

सागर संभाग

09	श्री नीलेश कुमार यादव	कराधान सहायक

इंदौर संभाग

